**न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, पाली**
**पीठासीन अधिकारी:: श्री एल.एन. मंत्री, आई.ए.एस**

विविध :: 15 / 2026
जीसीएमएस नम्बर :: 2026 / 41

प्रार्थी :–

"उम्मीद हाउसिग फाईनेन्स प्रॉपर्टी लिमिटेड रजिस्टर्ड कार्यालय यूनिट नम्बर 2009–14, 20 वॉ फ्लोर मेग्नम ग्लोबल पार्क, गोल्फ कोर्स स्कीम विस्तार रोड, सेक्टर 58, गुरूग्राम 122011 शाखा कार्यालय पहली मंजिल आकलिया विकास योजना के.आर.पी. आर प्लाजा डी 67/68 पदमाभूषण स्वामी सत्यमित्रानंदा गिरि रोड जोधपुर राजस्थान जरिये प्राधिकृत अधिकारी श्री सिदार्थ तिवाडी

बनाम

अप्रार्थीगण :–

1. श्री भूराराम पुत्र छोगा पता– वार्ड नम्बर 9 खिवांदी बाकली, जिला पाली राजस्थान। 305901
2. श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी भूराराम पता– वार्ड नम्बर 9 खिवांदी बाकली, जिला पाली राजस्थान। 305901 द्वितीय पता– 1005 तालनिवास खिवांदी तहसील सुमेरपुर जिला पाली 306901
3. श्री हितेश कुमार पुत्र श्री भूराराम पता– तालनिवास खिवांदी तहसील सुमेरपुर जिला पाली 306901

**प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–14 सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटि इन्टरस्ट, 2002**

**दिनांकः– 10.03.2026**

1. यत प्राधिकृत अधिकारी, **उम्मीद हाउसिंग फाईनेन्स प्रॉपर्टी ने** वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम –2002 SARFAESI Act 2002 की धारा 14 के तहत प्रार्थना–पत्र जरिये **अधिवक्ता श्री विकास चौधरी ने श्री भूराराम व अन्य** के विरूद्ध उक्त अधिनियम के अन्तर्गत ऋण के समय रखी गयी गिरवी सम्पत्ति का कब्जा लेने हेतु इस न्यायालय से अनुरोध किया है।

2. कम्पनी के उपस्थित अधिवक्ता/प्रतिनिधि ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए यह बताया कि अप्रार्थी/ऋणी को बैक/कंपनी द्वारा दिनांक **12.03.2022** को **03,75,000/–(तीन लाख पचहतर हजार रूपये) का** ऋण स्वीकृत किया गया। इस ऋण की एवज में निम्न जायदाद/सम्पत्ति बैंक के पास गिरवी रखी गयी है जिसका विवरण निम्नानुसार है –

| |
|---|
| श्रीमती पुष्पादेवी मारगेज आवासीय सम्पत्ति अवस्थित पट्टा नम्बर 13 दिनांक 25.05.2017 बुक नम्बर 50 मिसल नम्बर 47/2017, संकल्प नम्बर 04/05.10.2017 ग्राम खिवांदी ग्राम पंचायत खिवांदी पंचायत समिती सुमेरपुर ज़िला पाली में स्थित है जिसकी चतुर्दिशाएं उत्तर में सुकी पत्नी अमृत लाल का मकान, दक्षिण में आम रास्ता, पूर्व में ईश्वर सिंह पुत्र हरि सिंह का मकान व पश्चिम में आम रास्ता अवस्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 1059.606 वर्गफीट है। |

जिला मजिस्ट्रेट, पाली

3. चूंकि ऋणी फलस्वरूप अप्रार्थी **श्री भूराराम व अन्य** द्वारा बैंक/कम्पनी से प्राप्त किये गये ऋण के पेटे प्रार्थी के पक्ष में ऋणी एवं जमानतियों द्वारा गारंटी, करार एवं दस्तावेजो पर अपने हस्ताक्षर कर इसे निष्पादित कर दिये गये थे, परन्तु उक्त ऋणी द्वारा बैंक से प्राप्त की गयी ऋण राशि का भुगतान नहीं किये जाने से ऋणी के ऋण खाते को दिनांक 04.07.2025 को एन.पी.ए. (Non Performing Asset) घोषित किया गया।

